परक्रम दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाते विद्यार्थी एवं उन्हें सम्बोधित करते हुए लें. डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव

दिनांक : 23 जनवरी, 2025 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में पराक्रम दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया गया।

रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत आयोजित मानव श्रृंखला शपथ ग्रहण की अध्यक्षता महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह कुलसाचिव डॉ. प्रदीप राव एवं रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी श्री धनंजय पाण्डेय एवं लेफ्टनेट संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। जिसमें सभी विद्यार्थी को प्रतिज्ञा कराते हुए बताया गया कि हम सदैव यातायात नियम का पालन करेंगें तथा सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव नियमों का पालन करेंगे तथा जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को बीआईएस मानक हेलमेट अवश्य पहनेंगे तथा चार पहिया वाहन चलाते समय बेल्ट लगाएंगे और तेज रफ्तार वाहन नहीं चलाएंगे और गलत दिशा मे वाहन नहीं चलाएंगे एवं मोबाइल फ़ोन का प्रयोग नहीं करेंगें का शपथ ग्रहण कराया गया।

इस कार्यक्रम के रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी श्री धनंजय पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना कम करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देश अनुसार इस तरह कार्यक्रम कराया जाता है। जिससे आज कि युवा पीढ़ी अपने साथ अपने परिवार का भी जीवन सुरक्षित कर सके।

इस कार्यक्रम में एनसीसी के लेफ्टमनेट कर्नल डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में बताया कि आज भारत जैसे देश मे इस तरह जागरूकता बहुत जरुरी है जिससे हम परिवार के साथ–साथ अपने आपकी सुरक्षा कर सकते मोटर वाहन चलाते समय क्या मानक होना चाहिए ये भी बताया विद्यार्थी ने मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता और सड़क दुर्घटना मे कमी का विश्वास दिलाया। इस कार्यक्रम में जिसमें संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. सुनील कुमार सिंह, सहायक आचार्य डॉ. अमित दुबे, अनुपमा ओझा, डॉ. आशुतोष, ब्रांड एंबेसडर शिवम् पाण्डेय भी उपस्थित रहें।